**प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025**
**थाना देवरनियां जनपद बरेली।**

## थाना देवरनियां बरेली पुलिस द्वारा दुराचार के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, मौके से एक नाजायज तमन्चा 315 बोर, एक खोखा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद।

दिनांक 05.06.2025 को वादी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अभियुक्त अकील अहमद पुत्र जमील अहमद नि0 ग्राम रहपुरा घनश्याम थाना देवरनियां, बरेली द्वारा वादी की पुत्री उम्र करीब 5 वर्ष को चीज दिलाने का लालच देकर प्राईमरी पाठशाला के बाथरूम में ले जाकर बलात्कार करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना देवरनियां पर मु0अ0सं0 222/25 धारा 65(2)/351(2) बीएनएस व 5(m)/5(n)/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया।

वांछित अभियुक्त अकील अहमद उपरोक्त की तलाश की जा रही थी। आज दिनांक 06.06.2025 को समय रात्रि 00.14 बजे थाना प्रभारी देवरनियां के नेतृत्व में थाना देवरनियां पुलिस टीम द्वारा देवरनियां क्षेत्र के रोहिली मोड़ पुलिया के निकट चैंकिग की जा रही थी, इस दौरान एक व्यक्ति तेजी से दूसरी तरफ भागा जिसको रोकने के प्रयास किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिसमें कां रोहित घायल हो गये। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त अकील अहमद पुत्र जमील अहमद नि0 ग्राम रहपुरा घनश्याम थाना देवरनियां, बरेली को पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आज दिनाँक 06.06.2025 को दोनों पैरों में गोली लगने से घायल अवस्था में एक नाजायज तमन्चा 315 बोर, एक खोखा तथा एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान घायल अभियुक्त व पुलिस कर्मी को उपचार हेतु सीएचसी बहेड़ी भेजा गया था, जहाँ से उन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली रेफर किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त नाम/पता-**

अकील अहमद पुत्र जमील अहमद नि0 ग्राम रहपुरा घनश्याम थाना देवरनियां।

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं 222/2025 धारा 65(2)/351(2) बीएनएस व 5(m)/5(n)/6 पोक्सो एक्ट थाना देवरनियां, बरेली ।

**बरामदगी -**

1. एक तमन्चा नाजायज 315 बोर
2. एक जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. एक खोखा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 श्री दिनेश कुमार शर्मा थाना देवरनियां, बरेली
2. नि0अ0 श्री रामवीर संह थाना देवरनियां, बरेली
3. उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना देवरनियां, बरेली
4. का0 1298 सत्येन्द्र कुमार थाना देवरनियां, बरेली
5. का0 1239 बिट्टू सिंह थाना देवरनियां, बरेली